

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा  वर्ष-22 अंक-64  सीहोर, बुधवार 23 अप्रैल 2025  पृष्ठ-8  मूल्य -1 रूपये  सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला 26 की मौत : सूत्र

## आतंकियों ने टूरिस्ट के नाम पूछकर गोली मारी, इजराइल-इटली के 2 टूरिस्ट मारे गए



पहलगाम (ए) । जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

बाकी पर्यटक यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे पहलगाम की बैसारन घाटी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने यूपी से आए शुभम द्विवेदी से नाम पूछा, फिर उसके सिर में गोली मार दी। शुभम की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। वो हनीमून पर यहां आया था।आतंकियों ने दूसरे पर्यटकों पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा ने ली है। प्रशासन ने आतंकी हमले में एक मौत की बात कही थी, लेकिन करीब 4 घंटे बाद न्यूज एजेंसी ने 26 मौतों की जानकारी दी। घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर लिया है। हेलिकॉप्टर से भी नजर रखी जा रही है।

### पर्यटकों पर आतंकवादी हमला घिनौना और दर्दनाक : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को घिनौना और दर्दनाक बताते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाने का उनका नृशंस अमानवीय कृत्य माफी के लायक नहीं है. मुर्मू ने अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्ति की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला घिनौना और दर्दनाक है. यह एक नृशंस व अमानवीय कृत्य है, जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए. निर्दोष लोगों, खासकर पर्यटकों पर हमला करना, बेहद भयावह व अक्षम्य है. मैं उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करतीं हूं, जिन्होंने अपने प्रियजन को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।



# संसद - सुप्रीम कोर्ट : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान- संसद ही सर्वोच्च है, इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं



नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान सामने आया है। उपराष्ट्रपति ने संविधान में निर्धारित भारतीय सरकार के ढांचे के भीतर न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर एक बार फिर सवाल उठाया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और सुप्रीम कोर्ट की शक्ति को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे सर्वोच्च संसद ही है, उससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि संसद में जो सांसद चुनकर आते हैं वो आम जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। सांसद ही सबकुछ होते हैं, इनसे कोई ऊपर कोई नहीं होता।

जगदीप धनखड़ ने ये बातें मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर अपने पिछले हमलों की आलोचना पर भी पलटवार किया और कहा कि किसी संवैधानिक पदाधिकारी (खुद के बारे में) द्वारा बोला गया हर शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से निर्देशित होता है। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा और उसमें क्या संशोधन होने हैं, यह तय करने का पूरा अधिकार सांसदों को है। उनके ऊपर कोई भी नहीं है। उपराष्ट्रपति का यह बयान तब आया है जबकि सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई उनकी टिप्पणी का एक वर्ग आलोचन भी कर रहा है।

# वॉट्सऐप चैट LEAK, अमृतपाल समर्थकों ने रची अमित शाह, रवनीत बिट्टू समेत कई नेताओं पर हमले की साजिश!



नई दिल्ली(ए)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर हमले की साजिश रचने के आरोप में पंजाब पुलिस ने मोगा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साजिश का खुलासा एक व्हाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब डे टीम की लीक हुई चैट से हुआ है। जानकारी के अनुसार यह व्हाट्सएप ग्रुप कथित तौर पर अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा चलाया जा रहा था, जो इस समय असम के डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद हैं।

उनकी हिटलिस्ट में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू और सीनियर अकाली नेता व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया भी थे। अमृतपाल के समर्थक उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट की अवधि बढ़ाने से गुस्से में थे। इसी वजह से खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है। इसका खुलासा होने के बाद पुलिस ने अमृतपाल के 25 से 30 समर्थकों के खिलाफ मोगा में एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसके बाद 2 समर्थकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनमें एक आरोपी लुधियाना में खन्ना के न्यू मॉडल टाउन का बलकार सिंह और दूसरा मोगा का नाबालिग है।

# महाराष्ट्र के चंद्रपुर में पारा 45.6 डिग्री पहुंचा

## देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, 20 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी

मुम्बई (ए)। मौसम विभाग ने मंगलवार को मध्यप्रदेश-राजस्थान सहित 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान का तापमान फिर से बढ़ सकता है। तीन से चार दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। महाराष्ट्र का चंद्रपुर 45.6ए के साथ दूसरे दिन देश का सबसे गर्म जिला रहा है।मध्य प्रदेश में भी गर्मी का दौर जारी है। सोमवार को 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। सीधी फिर 44 डिग्री के तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं, छत्तीसगढ़ के 4 जिलों में भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इधर, मौसम विभाग ने 20 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में इस हफ्ते इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है।



# भगोड़े मेहुल चोकसी की एक और लाइफ लाइन कटी, बेल्जियम कोर्ट का जमानत से इनकार, जल्द आएगा भारत!



नई दिल्ली.(ए)। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी और भारत से फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की अदालत से बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. अब उसके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ होता दिख रहा है. चोकसी को पिछले हफ्ते बेल्जियम के एंटवर्प शहर में गिरफ्तार किया गया था. वह वहां नवंबर 2023 से एफ रेजिडेंसी कार्ड के जरिए रह रहा था. 65 वर्षीय मेहुल चोकसी पर करीब 13,500 करोड़ के बैंक फ्रॉड का आरोप है. ये घोटाला उसने अपने भांजे नीरव मोदी के साथ मिलकर किया था. भारत की एजेंसियों की ओर से भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध पर ही बेल्जियम पुलिस ने उसे 12 अप्रैल को एक अस्पताल से गिरफ्तार किया, जहां वह इलाज करा रहा था. चोकसी की लीगल टीम ने कोर्ट में जमानत के लिए मेडिकल ग्राउंड का हवाला दिया और दावा किया कि वह कैंसर का इलाज करवा रहा है. उसके वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि अगर उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया तो वहां की जेलों की 'अमानवीय परिस्थितियों' में रहना उसके लिए खतरे से खाली नहीं होगा. हालांकि, बेल्जियम की अदालत ने इन दलीलों को खारिज कर दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले में हुए सभी दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घृणित कृत्य में अपने प्रिय जन खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायराना और अमानवीय कृत्य है। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है, आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।

# एयर एम्बुलेंस सुविधा का होगा विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## *अस्पताल से घर तक पार्थिव देह ले जाने के लिए जिलों में उपलब्ध होंगे शव वाहन*

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया जाए। कैंसर जैसे रोगों से ग्रस्त नागरिकों को आवश्यक उपचार सुविधाएं प्राथमिकता से दिलवाई जाएं। प्रदेश में अंगदान को प्रोत्साहित किया जाए। पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं जो प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा अस्पतालों से घर




तक पार्थिक देह ले जाने के लिए शव वाहन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था जिलों से प्रारंभ होगी जिसका बाद में विकास खण्ड और तहसील स्तर तक विस्तार होगा। प्रदेश में एयर एम्बुलेंस सेवा को अधिक प्रभावी बनाते हुए गंभीर रोगियों के साथ ही दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल नागरिकों को भी सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्व डीजीपी की हत्याः पत्नी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, बेटी अस्पताल में भर्ती

बेंगलुरु, (ए.)। कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या मामले में उनकी पत्नी पल्लवी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, उनकी बेटी को मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए निमहंस अस्पताल में भर्ती कराया है। डीजीपी की पत्नी ने ही अपने पति की हत्या की जानकारी पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पल्लवी और बेटी से पूछताछ कर जांच शुरू की थी। पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश ने कुछ समय पहले अपनी जान का खतरा होने की बात कही थी। पुलिस को शक था कि इस हत्या में किसी करीबी का हाथ हो सकता है। बता दें बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित आवास में कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई थी। वह 1981 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि ओमप्रकाश को चाकू से गोदकर हत्या कर की है। उनका शव तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर मिला, उनके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे।बता दें पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश बिहार के चंपारण जिले के रहने वाले थे। उन्होंने भू विज्ञान में स्नातकोत्तर किया था। अपने कार्यकाल में उन्होंने कर्नाटक होमगार्ड्स और फायर ब्रिगेड के महानिदेशक और 2015 से 2017 तक राज्य के पुलिस महानिदेशक के रूप में सेवाएं दी थीं। उन्होंने कई पदों पर अपनी सेवाएं दीं।




# लंबे इंतजार के बाद आई खुशखबरी- पिथौरागढ़ से शुरु होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा



हल्द्वानी(ए)। लंबे इंतजार के बाद खुशखबरी आई कि कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरु हो रही है। कोविड 19 के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष 30 जून से शुरू होगी। केएमवीएन की ओर से इस यात्रा का संचालन होगा। यह यात्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के लिपुलेख पास मार्ग से संचालित होगी। यात्रा में 50-50 व्यक्तियों के कुल पांच दलों को शामिल किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार जुलाई से शुरू होगी।सोमवार को दिल्ली में हुई विदेश मंत्रालय, कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन), सिक्किम टूरिज्म और चीन के अधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में भारतीय सेना, आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।केएमवीएन के अधिकारियों के अनुसार, बैठक में चीन के अधिकारियों की ओर से यात्रा को जून के बजाए जुलाई से शुरू कराने पर सहमति जताई गई। इस बार यात्रा मार्ग पर यात्रियों के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम किए जाने हैं।निगम का फोकस यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने पर है। दिल्ली से आने वाले यात्रियों के लिए टनकपुर, धारचूला और नाभीढांग में ठहरने की विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग डाइट प्लान तैयार किया जाएगा। विशेषज्ञों की मदद से ऐसा आहार तय किया जाएगा, जो यात्रा के दौरान ऊर्जा देने वाला और पचने में आसान होगा। वहीं यात्रा के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यात्रियों को परेशानी नहीं हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### दमोह में भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी नदी में गिरी, 8 लोगों की दर्दनाक मौत

दमोह (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार मार्ग पर सिमरी गांव के समीप महादेव घाट के पुल पर हुआ, जहां एक अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी सोनार नदी में गिर गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। गाड़ी में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया गया। जानकारी के मुताबिक, बोलेरो में सवार सभी लोग जबलपुर जिले के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं। बांदकपुर से दर्शन कर ये लोग अपने गांव पौड़ी कटंगी (जबलपुर) लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें लौग बाई, हल्की बाई, संपत बाई, गुड्डी बाई, रचना, तमन्ना (उम्र करीब 10 से 15 वर्ष), शिब्बू पिता हरि (उम्र 8 से 10 वर्ष, निवासी डुंगरिया) और बैजन्ती बाई शामिल हैं। इस हादसे में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें रज्जो सिंह (उम्र 55 वर्ष, निवासी पौड़ी), वैभव सिंह पिता देवेंद्र (उम्र 12 वर्ष), आयुष (बहरोघाट, जबलपुर), अंकित पिता रज्जो सिंह और रविंद्र पिता डोमेन (उम्र 22 वर्ष, निवासी बिजोरी) शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जबलपुर रेफर किया गया है।

# वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा

मुंबई, (आरएनएस)। वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर यहां उपस्थित लोगों का उत्साह अत्यंत सुखद है। यह अधिनियम न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करता है। मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के विकास के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।बातचीत के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस कानून पर खुशी जाहिर की और पीएम मोदी का आभार जताया।हाजी पटेल ने कहा कि आज यहां पर एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में हम लोगों को विस्तार से बताया है। मैं समझता हूं कि केंद्र की मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लेते हुए वक्फ में संशोधन किया है। इस कानून से वक्फ की जमीनों का लाभ गरीब मुसलमानों को मिलेगा। अब तक जो मुसलमान जमीन की कमी होने के कारण सड़कों पर रहने के लिए मजबूर थे। वह अब वक्फ की जमीन पर अपना घर बना सकेंगे। मैं एक बार फिर से पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का धन्यवाद करना चाहता हूं।सलीम बागवान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में बताया। हम लोगों को पूरा भरोसा है कि यह कानून गरीब मुसलमानों के हित को देखते हुए लाया गया है।







# मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में भागीदारी करें आयुष विभाग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में 5 नए आयुर्वेद महाविद्यालय तैयार, इनमें जल्द ही शुरु होगी पढ़ाई

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आयुष विभाग भी इस क्षेत्र में भागीदारी करें। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और



अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। उन्होंने कहा कि दोनों ही विभाग रोजगारपरक शिक्षा की ओर बढ़ें, ताकि प्रदेश को अधिकाधिक डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष विभाग द्वारा 543 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 36 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, 14 यूनानी चिकित्सा अधिकारी, 65 आयुर्वेद व्याख्याता एवं 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ एवं संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्टिंग भी कर देने की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब आयुष के डॉक्टर्स गांव-गांव में उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिना किसी डिग्री के क्लीनिक चलाकर एवं घर-घर जाकर भोले-भाले ग्रामीण मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टर (क्वेक्स) पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचे आयुष विभाग की सेवाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और पारम्परिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। देश और प्रदेश में आयुर्वेदिक उपचार पद्धति की ओर लोगों का रुझान निरंतर बढ़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग की अपनी सभी चिकित्सा प्रणालियों यथा आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विस्तार के लिए जरूरी मानव संसाधन की पूर्ति कर अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनमानस में आयुष पद्धति के प्रति विश्वास और बढ़े, इसके लिए जन जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए तथा आयुष सेवाओं की पहुंच दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुनिश्चित की जाएं।

## धनबाद-एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

### पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहराव

भोपाल (निप्र)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से धनबाद-एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 10-10 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी के द्वितीय, तृतीत एवं इकोनॉमी कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 22 अप्रैल से 24 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को धनबाद स्टेशन से रात 22:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सिंगरौली सुबह 07:30 बजे, बरगवां 08:50 बजे, ब्यौहारी 10:55 बजे, कटनी साऊथ दोपहर 13:05 बजे, मदनमहल दोपहर 14:40 बजे, पिपरिया 16:45 बजे, इटारसी 18:00 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन गुरुवार सुबह 08:30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03380 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 अप्रैल से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी स्टेशन से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात्रि 23:00 बजे पहुँचकर, अगले दिन पिपरिया मध्य रात्रि 00:15 बजे, मदनमहल 02:30 बजे, कटनी साऊथ 04:05 बजे, ब्यौहारी 06:20 बजे, बरगवां 08:55 बजे पहुँचकर और शुक्रवार रात 22:30 बजे धनबाद स्टेशन पहुँचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कतरासगढ़, चंद्रपुरा जंक्शन, बोकारो थर्मल, राची रोड, पतरातू, खलारी, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड जंक्शन, रेणुकूट, ओबरा डैम, सिंगरौली, बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़ एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

## विनोद मिल उज्जैन से संबंधित ऋण प्रकरण के निराकरण के लिए ओटीएस कमेटी गठित

भोपाल (ए.)। राज्य शासन ने विनोद मिल उज्जैन से संबन्धित ऋण प्रकरण के एकमुश्त निराकरण के लिए प्रमुख सचिव एमएसएमई की अध्यक्षता में ओटीएस कमेटी का गठन किया है। ऋण वसूली अभिकरण जबलपुर द्वारा दिए गए आदेशानुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कमेटी का गठन किया है। आदेश अनुसार कमेटी में वित्त, राजस्व, लोक परिसंपत्ति प्रबन्धन और विधि विभाग के प्रतिनिधि के साथ संचालक ग्राम एवं नगर निवेश के प्रतिनिधि, प्रबन्ध संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। आयुक्त सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। कमेटी में आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञ को शामिल किया जा सकेगा। कमेटी ऋण वसूली अभिकरण जबलपुर द्वारा विनोद मिल उज्जैन से संबन्धित प्रकरण में एकमुश्त निराकरण के निर्देश के क्रम में बैंक द्वारा प्रस्तुत दावों का परीक्षण कर अंतिम निराकरण के लिए अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

## प्रदेश के आदिवासी अंचलों को भाजपा सरकार ने बना दिया है शराब तस्करों का अभयारण्य

### आदिवासी इलाकों में शराब बंदी पूर्णतः लागू हो : विक्रांत भूरिया



भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रांत भूरिया (विधायक) ने तथ्यों के साथ प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों, खासकर गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा से लगे झाबुआ, अलीराजपुर, धार और रतलाम जैसे जिलों को शराब तस्करी के सुरक्षित कॉरिडोर और शराब तस्करों के अभयारण्य बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाया। समय-समय पर बड़ी मात्रा में पकड़ी जाने वाली शराब इस बात का सबूत है कि माफियाओं द्वारा कितने बड़े पैमाने पर इस कारोबार को चलाया जा रहा है। अंदरखाने से आने वाली खोजी खबरें बता रही हैं कि मध्यप्रदेश के इस दक्षिणी-पश्चिमी अंचल में माफियाओं द्वारा भारत के सबसे बड़े शराब तस्करी सिंडिकेट का संचालन किया जा रहा है, जिसका सालाना टर्नओवर लगभग 20 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। क्या बिना राज्य सरकार, उसके नुमाइंदों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत या संरक्षण के माफिया ऐसा कर सकते हैं? जोबट में अभी पिछले हफ्ते ही एक ट्रक से लगभग एक करोड़ रुपये की शराब पकड़ी गई। ऐसी कितनी खेपें हर महीने दूसरे राज्यों को भेजी जा रही हैं, इसका केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है। हम सरकार से यह पूछना चाहते हैं कि यदि धार्मिक स्थलों पर शराब बंदी की जा सकती है, मंदिर-मस्जिदों के पास शराब दुकानें नहीं खुल सकती तो फिर आदिवासी इलाकों की समृद्ध विरासत, आस्था और संस्कृति क्या सरकार के लिए कोई मायने नहीं रखती! क्या सरकार आदिवासियों को शराब की लत लगाना चाहती है, क्या वह उन्हें शराब पिला-पिला कर उनके भविष्य और जीवन को खत्म कर देना चाहती है!

## भारतीय संस्कृति में है समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण : उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

भोपाल (निप्र)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ अनुष्ठान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध, परीक्षण एवं प्रयोगात्मक अध्ययन कार्यों के विस्तृत प्रतिवेदन का अवलोकन किया। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण द्वारा शोधार्थी विद्यार्थियों ने मंत्री श्री परमार को अपने शोध एवं अध्ययन कार्यों से भी अवगत कराया। मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण अंग यज्ञ अनुष्ठान पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित आध्यात्मिक पुरुषार्थ करने वाले समस्त शोधार्थी विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक दल की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है। यज्ञ अनुष्ठान के शोध एवं अध्ययन का यह निष्कर्ष, वैश्विक मानस पटल पर भारतीय पुरातन ज्ञान के प्रति मानसिक अवधारणा को प्रभावित करेगा और भारतीय समाज में प्रचलित परम्परा के रूप में निहित ज्ञान में विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर अभिव्यक्त करेगा। श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध एवं अध्ययन सतत् होना चाहिए।

## दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रानी कमलापति व इटारसी से यात्रियों को मिलेगा विशेष लाभ

### आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 9 जून को होगी रवाना

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल रेल यात्रियों को नई-नई पर्यटक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में, भारतीय रेलवे कैटरिंग एवं टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा संचालित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 09 जून 2025 को इंदौर से दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशन से भी गुजरेगी, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को यात्रा का सीधा लाभ प्राप्त होगा। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, बैतूल एवं नागपुर स्टेशनों से होते हुए गंतव्य को जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस ट्रेन के माध्यम से तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं त्रिवेन्द्रम जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों का भव्य दर्शन कराया जाएगा। यात्रा कुल 09 रातों/10 दिनों की होगी। इस सुविधा से जुड़ने के लिए



रानी कमलापति या इटारसी स्टेशन से यात्री ट्रेन में सवार हो सकते हैं। यात्रा के लिए किराया निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:-

-18,000 प्रति व्यक्ति (स्लीपर - इकॉनॉमी श्रेणी)
-29,500 प्रति व्यक्ति (3 AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी)
-38,500 प्रति व्यक्ति (2 AC - कम्फर्ट श्रेणी)

इस सर्वसमावेशी पैकेज में आरामदायक एलएचबी रेक वाली रेल यात्रा, ऑनबोर्ड एवं ऑफबोर्ड शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों द्वारा स्थानीय दर्शन, होटल में ठहराव, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था शामिल है। इच्छुक यात्री इस टूर की बुकिंग आईआरसीटीसीकी वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन या अधिकृत एजेंट्स के माध्यम से कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भोपाल, इटारसी या जबलपुर स्टेशन स्थित आईआरसीटीसी कार्यालयों में संपर्क किया जा सकता है। भोपाल मंडल के यात्रियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे बिना लंबी दूरी तय किए ही अपने नजदीकी स्टेशन से इस ऐतिहासिक धार्मिक यात्रा का हिस्सा बन सकें।

## विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार- राज्य मंत्री श्रीमती गौर

### घुमक्कड़ समुदायों के समेकित विकास के लिए जन अभियान परिषद करेगा सर्वेक्षण

भोपाल (निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। जन अभियान परिषद के माध्यम से इन विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु 51 जातियों के परिवारों के समेकित विकास के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद पहले चरण में 12 जिलों के 71 ब्लॉक में सर्वेक्षण करेगा। जो 30 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य इन समुदाय के लोगों की जीवनशैली, पारंपरिक व्यवसाय और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी का दस्तावेजीकरण करना है। कई बार निरंतर स्थान बदलने के कारण यह किसी भी भौगोलिक सीमा के सर्वेक्षण में नहीं आ पाते हैं। एक स्थान पर निवास ना होने के कारण इन जातियों के लोगों के आधार कार्ड, समग्र कार्ड इत्यादि भी नहीं बन पाते हैं। इस सर्वेक्षण से शासन की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लाभ इन जातियों को मिल सकेगा, रिहाइशों की पहचान हो सकेगी और स्थान परिवर्तन का समय, कारण व अन्य तथ्यों की जानकारी एकत्रित की जा सकेगी।




भोपाल। शहर के नीलबड़ स्थित इटरनिटी एक्सीलेंस ऑफ स्कूल में गत सोमवार को फ्रूट्स एक्टीविटी आयोजित की गई, जिसमें बच्चे फलों की वेशभूषा में भरपूर आनंद उठाते दिखाई दे रहें है। फोटो-संदीप पंडा।

## सहरसा से मुंबई तक अब होगा स्मार्ट और सस्ता सफर

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी



प्रधानमंत्री करेंगे अमृत भारत ट्रेन 2.0 का शुभारंभ

भोपाल (निप्र)। नरेन्द्र मोदी दिनांक 24 अप्रैल, 2025 को सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), मुंबई के बीच देश की तीसरी और वर्जन 2.0 में अपग्रेडेड 'अमृत भारत ट्रेन' को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल स्थित इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 'अमृत भारत ट्रेन' भारतीय रेल की एक क्रांतिकारी पहल है, जो कम किराए में हाई-स्पीड, अत्याधुनिक डिज़ाइन और सुविधाओं से भरपूर यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। इसकी अधिकतम गति 130 किमी/घंटा होगी और किराया केवल 45 पैसे प्रति किलोमीटर रहेगा। यह नई अमृत भारत ट्रेन पहले के सेट्स से कहीं अधिक एडवांस है। इसमें यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई नये फीचर्स शामिल किए गए हैं:-

-कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम की शुरुआत की गई है।

-ऑनबोर्ड कंडिशनिंग मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा गियर व व्हील की निगरानी संभव होगी।

-कोच के भीतर अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, फोल्डिंग टेबल, मॉबाइल होल्डर, और दिव्यांग अनुकूल शौचालय जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

-विशेष डिज़ाइन के चलते यात्री कोच के अंदर झटकों को महसूस नहीं करेंगे।

**भारतीय रेल का नया दृष्टिकोण**

इस ट्रेन सेवा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह नॉन-एसी होते हुए भी एक प्रीमियम अनुभव देती है। इससे उन यात्रियों को भी फायदा मिलेगा जो सीमित बजट में सफर करना चाहते हैं, लेकिन गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहते। बिहार और मुंबई के बीच यह ट्रेन केवल एक यातायात का साधन नहीं बल्कि लाखों परिवारों की जरूरत और भावनाओं का प्रतीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, हादसा या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

भोपाल(ए.)। सूखी सेवनिया इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है की युवक की मौत हादसा है या आत्महत्या इस बात का खुलासा जॉच के बाद ही हो सकेगा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह घर से मोबाइल लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर कॉलोनी छोला मंदिर का रहने वाला तरुण कुमार जैन (26) सोमवार सुबह अपना मोबाइल लेकर पैदल ही घर से निकला था। दोपहर करीब 12 बजे तब जब वो वापस नहीं लौटा तब मां ने उसे खाने के लिए फोन किया तब उसेन थोड़ी देर बाद वापस आने की बात कही थी। इसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे सूखी सेवनिया में ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान कर परिवार वालो को हादसे की खबर दी। तरुण सूखी सेवनिया तक कैसे और क्यो पहुंचा था, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। परिवार वालो के डिटेल बयान दर्ज होने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 28 को

भोपाल(ए)। जिला रोजगार अधिकारी भोपाल ने बताया कि युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन 28 अप्रैल 2025 को प्रातः10 बजे से जिला रोजगार कार्यालय, ईदगाह हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है जिसमें 15 मल्टिनेशनल कंपनियां एवं 03 स्वरोजगार से संबंधित संस्थायें शामिल होगी।उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी रोजगार के इच्छुक आवेदक, आवेदिकाओं से अपील की है कि वे अपने समस्त मूल प्रमाण - पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए 28 अप्रैल को प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर युवा संगम रोजगार मेला का सुनहरा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त सकते है। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय, कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करें।जिला रोजगार मेले में भारतीय एयरटेल, एनआईआईटी, मेग्नम बीपीओ आशिमा मॉल, माँ शारदा इन्टरप्राइजेज, बजाज एलयान्स, नौकरी फाय. कॉम, नीवाबुपा प्रायवेट लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, पुखराज हेल्थ केयर, एजिस फेडरल लाईफ इन्श्योरेंस प्रा.लि., बजाज केपिटल, केलिबर बिजनेस सपोर्ट सर्विसेस प्रा.लि., एच.डी.बी. फायनेंस सर्विसेस, एक्काटॉस्क मॉल बैंक फायनेंस, एजिस कस्टमर सर्पोट सर्विसेस प्रा.लि. मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड भोपाल, टेक्नोटॉक्स बिजनेस सॉल्यूशन आईटीआई पार्क, भोपाल की मल्टीनेशनल कंपनिया सम्मिलित होंगी।

### मासूम सहित आधा दर्जन लोगो को काटने वाले पागल श्वान को डंडे बरसाकर मारना पड़ा

भोपाल(ए)। भोपाल देहात के बैरसिया थाना क्षेत्र में पागल हुए श्वान ने बैरसिया अस्पताल में एक मासूम बच्ची समेत अलग-अलग जगहो पर आधा दर्जन लोगों पर हमला करते हुए उन्हें काटकर घायल कर दिया। लोगो का कहना है की बैरसिया में अस्पताल से लेकर मंदिर तक पागल कुत्ते ने चौबीस घंटे तक जमकर आतंक मचाया। वह पागल हो चुका था, उसके सामने आने वाले करीब आधा दर्जन लोगो पर हमला कर दांत से काटकर घायल कर चुका था। मंगलवार सुबह नगर पालिका कर्मचारियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह उन पर भी हमला करने लगा। इसके बाद कर्मचारियों ने उस पर डंडे बरसाकर उसको मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार पागल हुए आवारा कुत्ते ने 21 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे सबसे पहले शासकीय अस्पताल में अपनी मां के साथ आई हुई दामखेड़ा बैरसिया में रहने वाली तीन साल की मासूम रिया पुत्री रवि पर हमला करते हुए चेहरे से लेकर शरीर में कई जगह काटा कर घायल कर दिया। उसके चीखने की आवाजे सुनकर लोगों ने उसे बचाया। घटना उस समय हुई जब मासूम बच्ची की मां डॉक्टर के पास गई हुई थी। इसके बाद पागल हुआ श्वान वहां से भागकर पास बने मंदिर के पास पहुंचा। यहां उसने दो श्रद्धालुओं पर हमला करके उन्हें काट लिया। इसके बाद उसने तीन अन्य लोगों को भी काट लिया। श्वान के पागल होकर लोगो को काटे जाने की सूचना मिलने पर नगर पालिका टीम उसे पकडने के लिए पहुंची।

### आदमपुर कचरा खंती में एक बार फिर लगी भीषण आग

भोपाल(ए)। राजधानी के आदमपुर स्थित कचरा खंती में गर्मी के दिनों में अक्सर आग लगने की घटनॉए सामने आती रहती है। मंगलवार दोपहर को एक बार फिर यहां आग लग गई। इन दिनो तेज गर्मी होने के कारण सूखे कचरे में लगी आग ने देखते ही देखते तेजी से फैलते हुए विकराल रूप धारण कर लिया। आग की भयावहता को अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की खंती में लगी आग की लपटें करीब 50 फीट तक उठ रही थी। वहीं इसका धुआ भी 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से नजर आया। आसपास के लोगो का कहना है की दोपहर करीब 1 बजे खंती में पड़े कचरे में लगी आग थोड़ी देर में ही काफी भीषण हो गई। कचरे का धुआं आसपास के गांवों में पहुंचने से लोगों की आंखों में जलन होने लगी थी। खंती में आग लगने की सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकलें मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोकने की कोशिश के साथ ही उस पर काबू पाने में प्रयास शुरु कर दिये। गौरतलब है कि बता दें कि कचरा खंती में हर साल आग लगने की घटनाएं होती है, जिसकी चपेट में आकर हजारों क्विंटल कचरा जल जाता है।

### मंदिर पर पड़ा चोरो का साया, ताला तोड़कर उड़ाया हजारों का माल

भोपाल (ए)। देहात क्षेत्र के ईंटखेड़ी थाना इलाके में स्थित अंजनी नंदन धाम मंदिर पर अज्ञात बदमाशो ने धावा बोल दिया। आरोपी दरवाजे पर लगा ताला चटकाते हुए हजारों का सामान बटोरकर चंपत हो गए। सुबह जब लोगों पूजा पाठ के लिये पहुंच तब चोरी होने की जानकारी लगी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंदिर के संरक्षण कृष्णा पचौरी ने बताया कि बैरसिया रोड पर स्थित पहाड़ी पर अंजनी नंदन धाम नाम से मंदिर है। मंदिर पहाड़ी पर बना है, इसलिए रात के समय वहां कोई नहीं रहता है। बीती रात अज्ञात बदमाश मंदिर के भीतर घुसे और ताला तोड़कर चांदी के प्लेट, चांदी का नारियल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। अगली सुबह जब लोग पूजा-पाठ के लिए मंदिर पहुंचे तब चोरी होने का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# इंदौर में लौट आया कोरोना! बुजुर्ग महिला की मौत, युवक आइसोलेशन में भर्ती

इंदौर (ए.)। इंदौर में लंबे समय के बाद कोविड संक्रमण के दो नए मामले सामने आए हैं। इन मामलों में एक युवक और दूसरी एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। दोनों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। दोनों मरीजों को पहले से ही अन्य बीमारियां थीं। इनमें से बुजुर्ग महिला की हालत अधिक गंभीर थी, जिनकी सोमवार को मृत्यु हो गई। वहीं, युवक का इलाज अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार दोनों मरीज इंदौर के ही निवासी हैं। युवक को दो-तीन दिनों से सर्दी और खांसी की शिकायत थी। पहले उसने एक अन्य अस्पताल में इलाज करवाया लेकिन जब राहत नहीं मिली, तो वह अरबिंदो अस्पताल पहुंचा, जहां कई जांचों के बाद कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई।

**फ्लू पैनल जांच में हुई संक्रमण की पुष्टि**

अरबिंदो अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विनोद भंडारी ने जानकारी दी कि कुछ मरीजों की सर्दी-खांसी सामान्य इलाज से ठीक नहीं होती। ऐसे मामलों में विशेष "फ्लू पैनल जांच" की जाती है, जिसमें विभिन्न प्रकार की वायरल बीमारियों की जांच की जाती है। युवक के मामले में भी यही प्रक्रिया




अपनाई गई, और इसी जांच के दौरान वह कोविड पॉजिटिव पाया गया। उसे तुरंत अस्पताल में आइसोलेट कर दिया गया है और फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। अस्पताल प्रबंधन ने सतर्कता बरतते हुए सभी आवश्यक उपाय किए हैं।

**कोमॉर्बिडिटी वाली महिला की संक्रमण के दौरान मौत**

दूसरी ओर, कोविड की पुष्टि महिला मरीज में भी हुई, जो इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र की निवासी थीं। 74 वर्षीय इस महिला को पहले से किडनी की गंभीर बीमारी थी। उन्हें सीवियर सेप्टिक की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए फ्लू पैनल जांच करवाई, जिसमें वह भी कोविड पॉजिटिव पाई गईं। हालांकि उनकी मृत्यु सोमवार को हुई, डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि मौत का कारण मुख्य रूप से उनकी पुरानी बीमारियां थीं, न कि केवल कोविड।

***चिकित्सकों की अपील:***लक्षण दिखने पर कराएं जांच

कोविड के दो नए मामलों से एक बार फिर शहर में सतर्कता बढ़ गई है। डॉक्टर भंडारी ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को लंबे समय तक सर्दी, खांसी या बुखार की शिकायत हो, तो वह सामान्य मानकर न छोड़ें।

समय रहते जांच कराना और जरूरी सावधानियों को अपनाना आवश्यक है, विशेष रूप से बुजुर्गों और कोमॉर्बिड मरीजों के लिए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूर रखनी चाहिए।

### मस्तक पर लगाया चंद्रमा, गले में पहनी मोगरे की माला, निराले स्वरूप में बाबा महाकाल ने दिए दर्शन



उज्जैन (ए.)। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज वैशाख कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि मंगलवार सुबह भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत को अर्पित कर किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट और रुद्राक्ष की माला धारण करवाई गई। आज के शृंगार की विशेष बात यह रही कि आज भस्मआरती में बाबा महाकाल को मस्तक पर चंद्रमा और गले में मोगरे की माला पहनाकर शृंगारित किया गया।

## शादी के चंद घंटे बाद ही उजड़ गया सुहाग, दुल्हन के लिए तोहफा लेने गए दूल्हे की हादसे में मौत



शहडोल (ए.)। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना में दूल्हा समेत दो युवकों की मौत हो गईं। शादी के अगले ही दिन दूल्हे की मौत से मातम पसर गया। शादी के बाद दूल्हा अपनी पत्नी के लिए तोहफा लेने बाइक से गया था। ये बाइक उसको शादी में ही मिली थी। तोहफा लेकर लौटते समय विपरीत दिशा से आ रही बाईक से उसकी टककर हो गई। हादसे में दूल्हा और सामने से आ रही बाइक सवार युवक की मौत हो गईं। हादसे के जानकारी मृतक (दूल्हा) के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। घर में मौजूद नई नवेली दुल्हन का सुहाग शादी के चंद घंटे बाद ही उजड़ गया।

ब्यौहारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम झिरीया निवासी दीपेंद्र साकेत पिता कमलेश साकेत 22 वर्ष की गत 20 अप्रैल को सीधी जिला के मगरोहर गांव में बारात गईं थी। विवाह के बाद कल 21 अप्रैल की दोपहर एक बजे विदाई के बाद बारात घर लौटी। दूल्हे को शादी में एक मोटर साइकिल भी उपहार में मिली थी। जिसमें सवार होकर वह कल शाम अपनी पत्नी के लिए सुहागरात का तोहफा लेने गांव से ब्यौहारी गया था। वहां से तोहफा लेकर लौटते समय घर से करीब दो किलोमीटर पहले ग्राम सराई सांधा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी बाइक टकरा गईं। टककर इतनी तेज थी कि इस हादसे में बाइक में सवार दूल्हा समेत सामने वाली बाइक के चालक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## पत्नी मायके गई तो पति ने किया सुसाइड, मकान से आई दुर्गंध तो पहुंचे पड़ोसी




छिंदवाड़ा (ए.)। उमरेठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिनसई गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव के एक घर से तेज दुर्गंध आने की खबर फैली। लोगों ने अंदर जाकर देखा तो दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। 36 वर्षीय युवक राकेश धुर्वे का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। शव चार दिन पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। उमरेठ पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरे गांव में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है।

पुलिस और गांव वालों से मिली जानकारी के अनुसार राकेश धुर्वे शराब का आदी था और आए दिन नशे में पत्नी से विवाद करता था। कुछ दिन पहले उसने पत्नी से रुपये मांगे थे। पैसे न मिलने पर उसने मारपीट की। इससे परेशान होकर पत्नी अपने मायके चली गई थी और बच्चे को भी साथ ले गई। राकेश अपनी पत्नी को मनाने ससुराल गया, लेकिन पत्नी ने साथ लौटने से इंकार कर दिया। इससे वह मानसिक रूप से टूट गया। वापसी के बाद वह गांव में दिखाई नहीं दिया। पड़ोसियों को लगा वह कहीं बाहर गया होगा, लेकिन चार दिन बाद जब घर से तेज दुर्गंध आने लगी, तब इस दर्दनाक घटना का पता चला।

**गांव में चर्चा, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

राकेश के आत्महत्या करने की खबर फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ उसके घर के पास जुट गई। सभी स्तब्ध थे। उमरेठ थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले की जांच जारी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों और पत्नी के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## थाने पहुंचे भाजपाई, कांग्रेसियों पर धाराएं बढ़ाने की मांग, अस्पताल के बाहर पिटाई का वीडियो वायरल



इंदौर (ए.)। इंदौर में विधायक प्रतिनिधि कपिल पाठक के साथ हुई मारपीट का एक नया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो उस अस्पताल के बाहर का है, जहां कपिल घायल हालत में अपने परिजनों के साथ इलाज कराने पहुंचे थे। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अस्पताल के बाहर ही आरोपियों ने एक बार फिर कपिल के साथ मारपीट की। इस वीडियो के सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पाठक परिवार के साथ विजय नगर थाने पहुंचे और तत्काल कार्रवाई की मांग की। कपिल की पत्नी विनीता पाठक ने पुलिस को घर और अस्पताल में घटी पूरी घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कपिल की हालत ऐसी है कि वह किसी को पहचान नहीं पा रहे, वहीं उनके पिता की स्थिति भी चिंताजनक है, उन्हें भी गंभीर चोटें आई हैं।

**बीजेपी नगर अध्यक्ष ने उठाई कड़ी कार्रवाई की मांग**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा रीगल चौराहे स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। वहां उन्होंने अधिकारियों को बताया कि कपिल पाठक पर दो बार हमला किया गया। पहली बार उनके घर के बाहर हमला किया गया, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद जब वह इलाज के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे, वहां भी उन्हें आरोपियों ने नहीं बख्शा और दोबारा हमला कर दिया।

## नानी के साथ खेत गई आठ वर्षीय मासूम से युवक ने की दरिंदगी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



कटनी (ए.)। एमपी के कटनी में आदिवासी बच्ची से दरिंदगी का शर्मनाक मामला सामने आया है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने आठ वर्षीय मासूम को अकेले पाकर दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया। परिजनों की शिकायत पर कटनी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उसे 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक सिलौड़ी चौकी अंतर्गत एक ग्राम में अपनी नानी के साथ रह रही आठ वर्षीय मासूम बच्ची फसल की तकवारी के लिए खेत गई हुई थी। प्यास लगने पर उसकी नानी पानी लेने खेत से दूर गई। तभी मौका पाकर 22 वर्षीय युवक खेत में घुस आया और मासूम बच्ची से दरिंदगी की। इसी बीच नानी को वापस खेत आता देख वो तुरंत भाग खड़ा हुआ। बच्ची की तबीयत बिगड़ी तो नानी तत्काल उसे इलाज के लिए ढीमरखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले गई। बच्ची की स्थिति देख डॉक्टर ने स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना देते हुए मासूम का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है।





## गाड़ियों के हॉर्न अब नहीं करेंगे दिमाग खराब, नितिन गडकरी ला रहे नया कानून

नई दिल्ली नई दिल्ली (आरएनएस) । सड़क पर ट्रैफिक के कर्कश हॉर्न से परेशान लोगों के लिए जल्द ही राहत भरी खबर आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी वाहनों के हॉर्न की आवाज को बदलने के लिए एक नया कानून लाने की योजना बना रहे हैं। इस कानून के तहत गाड़ियों के हॉर्न में भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि का इस्तेमाल किया जाएगा।मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में इस योजना का खुलासा करते हुए कहा कि उनका मानना है कि गाड़ियों के हॉर्न की तेज और अप्रिय आवाज ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके बजाय, यदि हॉर्न में बांसुरी, तबला, वायलिन या हारमोनियम जैसे भारतीय वाद्ययंत्रों की आवाज का उपयोग किया जाए, तो यह सुनना सुखद होगा और शोर कम होगा।गडकरी ने परिवहन क्षेत्र से होने वाले वायु प्रदूषण पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण परिवहन के कारण होता है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार मेथनॉल और इथेनॉल जैसे हरित ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने भारतीय वाहन उद्योग की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। गडकरी ने बताया कि 2014 में भारतीय वाहन क्षेत्र का कारोबार 14 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। इस सूची में अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। भारत दोपहिया वाहनों और कारों का निर्यात कर महत्वपूर्ण राजस्व भी अर्जित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री की यह पहल ध्वनि प्रदूषण को कम करने और सड़कों पर एक सुखद अनुभव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## अदरक, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च में हुई सबसे अधिक गिरावट

नई दिल्ली (आरएनएस)। खुदरा महंगाई दर मार्च में छह वर्षों के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अदरक, टमाटर, फूलगोभी, जीरा और लहसुन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी गई।

वित्त मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, सालाना आधार पर अदरक की कीमतों में 38.11 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जबकि टमाटरों की कीमत में 34.96 प्रतिशत, फूलगोभी की कीमत में 25.99 प्रतिशत, जीरे की कीमत में 25.86 प्रतिशत और लहसुन की कीमत में 25.22 प्रतिशत की गिरावट हुई है।मार्च 2025 में जिन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है, उनमें 56.81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ नायिरल तेल शीर्ष पर था। वहीं, नारियल की कीमत में 42.05 प्रतिशत, गोल्ड की कीमत में 34.09 प्रतिशत, सिल्वर की कीमत में 31.57 प्रतिशत और अंगूर की कीमत में 25.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बीते महीने हेल्थ सेगमेंट में महंगाई दर 4.26 प्रतिशत रही है, जो कि फरवरी में 4.12 प्रतिशत थी।

# सोने के दाम 1 लाख के पार, चांदी में भी तेजी

## - सोने की कीमत 1,00,116 रुपए, चांदी 97,275 प्रति किलोग्राम

नई दिल्ली (ए.)। वेडिंग सीजन में एक बार फिर सोने-चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है। इन दिनों सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ, गिरते डॉलर, आर्थिक मंदी की आशंकाओं ने सोने की कीमतों को आसमान छूने पर मजबूर कर दिया है। बता दें कि सोमवार को शाम के कारोबार में सोने ने इतिहास रच दिया और फिजिकल मार्केट में पहली बार 1 लाख रुपये के पार पहुंच गया। 24 कैरेट (999) सोने की आखिरी कीमत 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 3 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण सोने की कीमत 1,00,116 रुपये हो गई। आधिकारिक वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को कारोबार की शुरुआत में एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 97,352 प्रति 10 ग्राम पर थीं, जो 73/10 ग्राम की बढ़ोतरी के साथ



अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं एमसएक्स पर चांदी की कीमतें भी 238/किलोग्राम बढ़कर 97,275/किलोग्राम हो गई हैं। इसके अलावा बुलियन एसोसिएशनके आंकड़ों के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 97,560/10 ग्राम है। 22 कैरेट सोने की कीमत 89,430/10 ग्राम है। वहीं आईबीए की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को सुबह चांदी की कीमत 95,720/किलोग्राम थी। नई दिल्ली में सोने की कीमतें 94,260/10 ग्राम, एमसीएक्स सोने की कीमत 97,220/10 ग्राम। चांदी की कीमतें 95,380/किग्रा, एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें 7,275/किग्रा है। मुंबई में सोना 97,380/10 ग्राम, एमसीएक्स पर 97,352/10 ग्राम, चांदी की कीमत - 95,540/किग्रा, एमसीएक्स पर 999 की कीमत 97,275/किग्रा है।

## अब 10 साल के बच्चे भी चला सकेंगे अपना सेविंग अकाउंट, आरबीआई का बड़ा फैसला; जानें कब होंगे नए नियम लागू




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बच्चों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे अपना बैंक खाता खुद ऑपरेट कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था जुलाई 2025 से देश के सभी वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों में लागू होगी। आरबीआई ने यह निर्णय बच्चों को बैंकिंग के प्रति जागरूक करने और उन्हें वित्तीय जिम्मेदारियों को समझने का मौका देने के लिए लिया है। इससे माता-पिता को भी बच्चों को स्वतंत्रता देने में आसानी होगी।बदलावों में मुख्य तौर पर 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे खुद से सेविंग और फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट ऑपरेट कर सकेंगे। सभी बैंकों को निकासी और जमा सीमा को लेकर अपने-अपने नियम तय करने की छूट दी गई है। यह नियम उन खातों पर भी लागू होंगे जो माता-पिता द्वारा खोले गए हैं लेकिन बच्चों द्वारा ऑपरेट किए जा रहे हैं। 18 वर्ष की उम्र होते ही खाताधारक का नया केवाईसी और हस्ताक्षर लिया जाएगा। खाता खोलने के लिए आधार कार्ड जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे।त्र्रक्चढ्ढ ने सभी बैंकों को जुलाई 2025 से पहले आवश्यक बदलाव लागू करने और तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। इस फैसले से न केवल बच्चों में वित्तीय समझ विकसित होगी, बल्कि यह भविष्य की जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा।

### भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकों को निर्देश, अक्तूबर तक अपनाएं '.bank.in' डोमेन

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बैंकों को निर्देश दिया कि वे अपने मौजूदा डोमेन को '.bank.in' डोमेन में स्थानांतरित करना शुरू करें और इस साल 31 अक्तूबर तक यह प्रक्रिया पूरी करें। इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटना है। डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के मद्देनजर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय बैंकों के लिए '.bank.in' विशेष इंटरनेट डोमेन शुरू करने का निर्णय लिया है।

इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और फ़िशिंग जैसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को कम करना; तथा सुरक्षित वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित करना है, जिससे डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़े। एक बयान में कहा गया है, अब बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के माध्यम से बैंकों के लिए '.bank.in' डोमेन को चालू करने का निर्णय लिया गया है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (एनआईएक्सआई) द्वारा इस डोमेन के लिए विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है।

## रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 85.19 पर

**- सोमवार को डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था**



मुंबई (ए.)। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ चार पैसे कमजोर होकर 85.19 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से मिले समर्थन को निवेशकों द्वारा डॉलर की पुनर्खरीद ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि शुल्क और अमेरिकी मौद्रिक नीति से उत्पन्न आर्थिक प्रतिकूलताओं के बारे में चिंता बनी हुई है, जिससे मांग में कमी आ सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.11 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.19 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.09 पर रहा।

## ऑस्ट्रेलिया में अदाणी का मास्टरस्ट्रोक, भारत बन रहा बाजार से मार्गदर्शक

नई दिल्ली (आरएनएस) । भारत के सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (NQXT) को वापस अपने नियंत्रण में लेकर भू-राजनीतिक और आर्थिक गलियारों में एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर का यह सौदा सीधे तौर पर नकद लेनदेन पर आधारित नहीं है, बल्कि अदाणी समूह की कंपनियों द्वारा कारमाइकल रेल और पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स को 14.35 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिससे प्रमोटर की हिस्सेदारी में 2.12त्न की वृद्धि होगी। यह अधिग्रहण महज एक व्यावसायिक सौदा नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत की बढ़ती रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है।

ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए पश्चिम से पूर्व तक व्यापार मार्गों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार साबित हो सकता है।

# कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग सीहोर

प्र.क. 005/अ-82/2023-24 सीहोर दिनांक 11/04/2025

-:अधिसूचना:-

**{अंतर्गत धारा-11 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 ( क्रं. 30 सन् 2013 ),}**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है इसके संलग्न सूची खाने (4) में वर्णित भूमि एवं खाने (4) में वर्णित मकानों की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैं, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती हैं, कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची-1 के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं।

**अनुसूची ( 1 )**
**भूमि का वर्णन**

तभी ट्रंप के हाथ-पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण



कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिगंटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

और भारत ने क्या किया? कुछ नहीं! मानों हम न तीन में और न पांच में। ठिक भी बात है। विश्व व्यापार में भारत का कुल हिस्सा सिर्फ 2.4 प्रतिशत है। मगर गडबड यह है कि अमेरिका ही सबसे बड़ा वह देश है जिसे हम बेचते ज्यादा है और खरीदते कम है। हमें लाभ अमेरिका से ही है। इसलिए ट्रंप की चिढ़ है कि भारत जैसे देश से भी हम घाटे में है।

तभी ट्रंप ने नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान दबाव बना कर बजट से अमेरिकी उत्पादनों पर डूयटी घटवाई। फिर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए। मगर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह रूख था कि बात करेंगे। हम कर ही क्या सकते है! भारत ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह भी जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा रखता है।

इसलिए तय माने डोनाल्ड़ ट्रंप भारत से कोई रियायत नहीं करेंगे। जुलाई में 26 फिसदी टैरिफ के अलावा वे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर की अलग कमर तोड़ेंगे। सो विदेश व्यापार की वास्तविकता से भी पता चलता है कि भारत न अपने बाजार में चीन की आर्थिक लूट को रोकने के विचार में समर्थ है और न अमेरिका या विश्व व्यापार में कोई ठोस, बराबरी का रिश्ता बना सकने का रोडमैप है।

इसलिए कि इस सबके लिए सोच-विचार का दिमाग है कहां? बस, एक ही इलहाम, एक ही ख्याल है कि हम विश्वगुरू! सोचे, पिछले दस वर्षों में दुनिया की बड़ी घटनाओं, विकास और ट्रेंड में क्या-क्या है? ट्रंप के व्यापार युद्ध से पहले, इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध है। चीन ने भारत की सीमा पर दादागिरी दिखाई। पता नहीं भारत का कितना इलाका कब्जाया। अफगानिस्तान में तालिबानी वर्चस्वता बनी। दक्षिण एसिया के हर देश में चीन का दबदबा फैला। भारत में भी जलवायु परिवर्तन और मौसम की जानलेवा मार का ट्रेंड है। वैश्विक पैमाने पर आर्टिफिशियल बुद्धीमत्ता की छलांगे, स्पेस दौड़, मेटावर्स-एआरवीआर, क्रिप्टोकरेंसी में क्या-क्या नहीं होता हुआ है!

जबकि भारत की थिंकिंग, नैरेटिव, प्राथमिकता क्या है? हमें फ्री बांटने, रैवडियों की व्यवस्था बनानी है। हमें धर्म और जाति से चुनाव जीतना है। हमारी भीड़ हमारी ताकत है। भीड़ की भक्ति, भोंडापन देश का विकास है। हिंदू-मुस्लिम की मुर्गा लड़ाई हमारे राष्ट्रीय एकीकरण और राष्ट्र निर्माण का रास्ता है। डोनाल्ड़ ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' के फितूर में सभी देशों को इस सोच-विचार के लिए मजबूर किया कि तब हमारा क्या?

हम कैसे अपने आपको बदले? क्या नया सोचे? विश्व की तमाम तरह की व्यवस्थाओं के सिनेरियों में ब्रिटेन, योरोपीय संघ, जापान, चीन, आस्ट्रेलिया आदि लगभग सभी देशों ने अपने आप पर विचार, पुर्नविचार किया है, कर रहे है। वही भारत में इस सप्ताह वक्फ बोर्ड बिल, कांग्रेस अधिवेशन में पिछड़ों के आरक्षण, सीपीआईएम के अधिवेशन में 'धर्म' की चिंता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मुख्यमंत्री स्टालिन को नसीहत थी कि तमिल में दस्तखत तो कर दिखाएं!

## व्यवस्थापिका और न्यायपालिका आमने सामने, संविधान की अनुच्छेद 368 पर मतभेद

**अजय दीक्षित**

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा तमिलनाडु सरकार द्वारा पेश और विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को स्वीकृत करने में देरी को लेकर हफ्ते भर पहले सरकार की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल को कड़ी फटकार लगाई और सभी लंबित बिलों को खुद ही स्वीकृत कर दिया। इस याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्यपालों को लपेटे में लेकर कहा उन्हें किसी पार्टी विशेष के लिए कार्य नहीं करना चाहिए।दूसरा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी याचिका में सुनवाई कर दो अंतरिम आदेश दिए।इन दोनों घटनाओं से लुटियन्स में बबाल आ गया है।इसे व्यवस्थापिका और न्यायपालिका में भीषण टकराव के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय संसद से पारित ओर राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद कानून में बदलाव नहीं कर सकती न ही रोक सकती । अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सर्वोच्च न्यायालय को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि संविधान की अनुच्छेद 368 संसद को कोई भी कानून बनाने का अधिकार देती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है। दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय की जू भी नहीं रेंग रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने तो जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद अद जले नोटो के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने वाला मामला भी उठाया।

सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई 26 को रिटायर हो रहे हैं और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की सुनवाई 05 मई को है ।

ऐसे में अगर कोई आदेश वक्फ संशोधन विधेयक याचिका में पारित हुआ तो केंद्रीय सरकार की किरकिरी होना तय है।

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 में सर्वोच्च न्यायालय की 13 जजों वाली संविधान पीठ ने 7-6 के बहुमत से आदेश जारी किया था कि संसद कानून बना सकती है, संशोधन कर सकती है लेकिन मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं होना चाहिए।भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीन अंग हैं

व्यवस्थापिका के मुखिया राष्ट्रपति है ,जबकि न्यायपालिका के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री कार्यपालिका के प्रमुख हैं।तीनों संस्थानों के अलग अलग कार्य हैं जिनमें कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति ज़बाब देय है। न्यायपालिका स्वतंत्र है। आजादी के बाद 26/01/1950 को संविधान बना और भारत गणराज्य बना। लेकिन जब तब व्यवस्था और ज्यूडिशियल की अप्रत्यक्ष लड़ाई विभिन्न मुद्दों पर देखने को मिलती है।

## पिछले सात दशकों में 40गुना से अधिक बढ़ गया कीटनाशकों का उपयोग

**मुकेश तिवारी**

वर्तमान में दुनिया भर में अनाज, फलों सब्जियों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए खेतों में तमाम तरह के रासायनिक कीटनाशकों का छिड़काव बिना किसी हिचकिचाहट के धड़ल्ले से किया जा रहा है। हमारा मुल्क भी इसमें पीछे नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनी मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए उच्च खतरों को उत्पन्न करने वाले रसायनों से हर साल अरबों रुपए का मुनाफा कमा रही है। वहीं इसके अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है।

वर्तमान समय में आधुनिक खेती के लिए कीटनाशक दवाएं जरूर बन चुकी है ।गौर करने लायक बात किया है कि इससे होने वाले फायदे से ज्यादा अब क्षति हो रही है। ग्रीन पीस ब्रिटेन द्वारा घोषित बैश्वक संस्था अनअथर्ड और स्विस एनजीओ पब्लिक आई के विश्लेषण में बेहद चौंकाने वाली बातें निकलकर सामने आई है। हिंदुस्तान सहित दुनिया के 43 देश में हुए इस अध्ययन के अनुसार खतरनाक कीटनाशक विकसित देशों के मुकाबले मुक विकासशील और निर्धन देशों को ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं। हिंदुस्तान में 59 प्रतिशत खतरनाक कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है वहीं ब्रिटेन में यह मात्र 11 फ़ीसदी है। कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक रसायनों से हर साल अरबों डालर कमाती है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों का बिक्री अनुपात साधन-संपन्न देशों की तुलना में निर्धन देशों में अधिक पाया गया।

कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां अपने मुनाफे को कभी भी सार्वजनिक नहीं करती है।

पांच बड़ी कंपनियों द्वारा बिक्री किए जाने वाले कुल कीटनाशक का एक चौथाई मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है । इसमें कैंसर जन्य तत्व शामिल थे ,जबकि 10 फीसदी कीटनाशकों के विषैले तत्व मधुमक्खियों द्वारा लाए गए थे। इसके अतिरिक्त विश्लेषण में पाया कि 5 फीसदी बिक्री रसायनों की थी जो कि मानव के लिए हानिकारक होते हैं । विश्व में हर साल तकरीबन 2 लाख आत्महत्याओं को कीटनाशक विषाक्त के लिए कसूरबार ठहराया जाता है। इनमें से तकरीबन सभी विकासशील देशों में है । विश्लेषण के मुताबिक साधन संपन्न देशों में एचएचपी की बिक्री का औसत अनुपात निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 45वीं साड़ी की तुलना में 27 फीसदी था, जबकि दक्षिण अफ्रीका में यह 65 प्रतिशत फीसदी तक पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र खाध और कृषि संगठन द्वारा कीटनाशक प्रबंधन के वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि गंभीर रूप से विभिन्न कमियां हैं। पर्यावरण और मानवों पर हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए देशों को कठोर नियम बनाने चाहिए। इन्सानी जिंदगी के लिए खतरनाक पदार्थों और मानवाधिकारो पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कंपनियों द्वारा एच एच पी के माध्यम से आम अर्जित करना अनुचित है।इन उत्पादों का निरंतर उपयोग किया जा रहा है।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। जिन लोगों की संगत में आप नकारात्मक बन रहे हैं, फिलहाल उन लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित समस्या दूर होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। आज आपको अपने इगो पर नियंत्रण रखना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और खुद को सुधारें।

कर्क राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आज आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझन लेने की जरूरत नहीं है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी भी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पहले किये किसी निवेश का आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा, अच्छा लाभ मिलने से आपके प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे।

मीन राशि-आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगाएंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के लोग आपके काम में सहयोग करेंगे। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करेंगे। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

(विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष)

# पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो,उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं।मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक,




सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। पंचतंत्र तथा हितोपदेश इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों में खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है।

# कौन हैं अनीत पड्डा? मोहित सूरी की 'सैयारा' में चंकी पांडे के भतीजे के साथ आएंगी नजर





मंगलवार को मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' के रिलीज डेट और इसके लीड एक्टर्स की आधिकारिक घोषणा हुई। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड भूमिका में नजर आएंगे। सभी की निगाहें अहान और अनीत पर टिकी हैं। जानते हैं आखिर कौन हैं अनीत पड्डा?

**कहां से की अभिनय की शुरुआत?**

अनीत पड्डा ने काजोल, विशाल जेठवा और प्रियामणि की 'सलाम वेंकी' से अपने अभिनय की शुरुआत की। साल 2022 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में अनीत ने नंदिनी की भूमिका निभाई थी। साल 2024 में, उन्होंने नित्या मेहरा की वेब सीरीज बिग 'गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, जहां उन्होंने रूही आहूजा की भूमिका निभाई।

**सोशल मीडिया पर मौजूदगी**

22 साल की अनीत सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहती हैं। हालांकि, वह अपने काम से जुड़े अपडेट लगातार साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 36.3ञ फॉलोअर्स हैं।

**कब रिलीज होगी 'सैयारा'?**

मोहित सूरी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। फिल्म के लीड एक्टर को लेकर तरह-तरह की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी बहुत कम अपडेट सामने आई थी। 22 अप्रैल को इसके निर्माताओं ने मुख्य इसके रिलीज की घोषणा की। रोमांटिक फिल्में पसंद करने वालों को इसके लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। फिल्म 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पृथ्वी दिवस पर दीया मिर्जा ने जलवायु संकट को लेकर जताई चिंता, लोगों से की मिलकर काम करने की अपील



आज विश्व पृथ्वी दिवस है। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की ताजा रिसर्च और निष्कर्षों का उदाहरण देते हुए जलवायु संकट के बारे में कड़ी चेतावनी दी है और लोगों को आगाह किया है। अभिनेत्री ने वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में खतरनाक बढोत्तरी और इस पर तत्काल एक्शन की जरूरत पर जोर दिया है। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है।

**दीया ने इंस्टाग्राम पर साझा किया वीडियो**

दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्लैनेट की रक्षा के लिए प्रोटेक्शन बेहद जरूरी हैं। दीया मिर्जा ने अपने फॉलोअर्स को भी याद दिलाया कि पृथ्वी दिवस को केवल चिंता व्यक्त नहीं करनी है, बल्कि वाकई में परिवर्तन के लिए एक शुरुआत करनी होगी और मिलकर काम करना होगा।

**दीया मिर्जा ने साझा किए आंकड़े**

वीडियो के साथ दीया मिर्जा ने कैप्शन में लिखा, इस पृथ्वी दिवस पर आइए बातचीत से आगे बढ़कर कार्रवाई करें। यूएनईपी के ताजा आंकड़े एक चेतावनी हैं, जिन्हें हम अनदेखा नहीं कर सकते। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि के भीतर रहने के लिए, हमें 2030 तक उत्सर्जन में 42त्न की कटौती करनी होगी।

शहरी क्षेत्र सीओ2 का 70त्न योगदान करते हैं, और फिर भी, हमारी बिजली का केवल 29त्न नवीकरणीय स्रोतों से आता है। जीवाश्म ईंधन अभी भी हमारी ऊर्जा प्रणालियों पर हावी हैं, जबकि जलवायु-ईंधन आपदाएं हर साल बढ़ रही हैं।

**साथ मिलकर भविष्य को बनाएं बेहतर**

दीया ने आगे अपनी पोस्ट में लिखा, हमें 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की आवश्यकता है। हमें स्वच्छ शहरों, हरियाली विकल्पों और विज्ञान और करुणा पर आधारित नीतियों की आवश्यकता है। हम में से प्रत्येक इस समस्या के समाधान का हिस्सा हो सकता है। पुराने टिकाऊ तरीकों को चुनें। साफ ऊर्जा का समर्थन करें। नेताओं को जवाबदेह ठहराएं। पृथ्वी दिवस से शुरूआत करें न कि सिर्फ इसे एक रिमाइंडर समझें। साथ मिलकर, हम भविष्य को बदल सकते हैं।

# 'केसरी चैप्टर 2' को कई पाइरेसी वेबसाइट्स पर किया अपलोड




मुंबई (ए.)। बालीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' रिलीज हो गई। रिलीज के बाद फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। फिल्म में दमदार अभिनय, मजबूत कहानी और भावनात्मक संवादों की तारीफ की जा रही है।

लेकिन इन सबके बीच एक खबर ने फिल्म की टीम और अक्षय के फैंस की खुशी पर पानी फेर दिया है। दरअसल, फिल्म रिलीज के कुछ ही घंटों बाद ऑनलाइन लीक हो गई है, जिससे इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'केसरी चैप्टर 2' को कई पाइरेसी वेबसाइट्स पर अलग-अलग फॉर्मेट में अपलोड कर दिया गया है। किसी साइट पर फिल्म का एचडी वर्जन उपलब्ध है तो कहीं कैम प्रिंट के जरिए फिल्म को देखा जा सकता है। अभी तक इस मामले पर फिल्म के निर्माता धर्मा प्रोडक्शन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़ी फिल्म को इस तरह लीक किया गया हो, लेकिन यह निश्चित रूप से एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिससे फिल्म इंडस्ट्री को नुकसान हो रहा है। कुछ दिनों पहले ही अक्षय कुमार ने फिल्म से जुड़े एक प्रमोशनल वीडियो में दर्शकों से अपील की थी कि वे सिनेमाघरों में फिल्म देखते समय अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें।

उन्होंने कहा था, मैं आप सबसे अनुरोध करूंगा कि जब आप फिल्म देखने जाएं तो कृपया अपना फोन जेब में रखें और हर डायलॉग को ध्यान से सुनें। अगर आप फिल्म के दौरान इंस्टाग्राम या सोशल मीडिया देखने में व्यस्त रहेंगे, तो ये फिल्म का अपमान होगा। 'केसरी चैप्टर 2' में अक्षय कुमार ने मशहूर वकील सी. शंकरण नायर का किरदार निभाया है।

# फिल्म 'हंसी तो फंसी' के डायलॉग हो रहे खूब वायरल




मुंबई (ईएमएस)। साल 2014 में आई फिल्म 'हंसी तो फंसी' के एक मजेदार सीन में परिणीति का डायलॉग मेरे बॉडी में सेंसेशंस होते हैं, ये पिल्स उनको कंट्रोल करते हैं इन दिनों हर जगह वायरल हो रहा है। इस डायलॉग पर न सिर्फ लोग रील बना रहे हैं, बल्कि अब इस ट्रेंड में परिणीति के पति और नेता राघव चड्ढा भी शामिल हो गए हैं। राघव चड्ढा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की, जो पत्नी परिणीति के इसी ट्रेंडिंग डायलॉग पर आधारित है। इस वीडियो में राघव ने दोनों की कई खूबसूरत यादों को जोड़ा है। रील में परिणीति और राघव की शादी के बाद की झलकियों से लेकर उनकी हनीमून ट्रिप, करवा चौथ सेलिब्रेशन, विंबलडन आउटिंग और वेकेशन की तस्वीरें शामिल हैं। इन सभी पलों को उस वायरल डायलॉग के ऑडियो के साथ मिलाकर बेहद खूबसूरती से पेश किया गया है। इस मजेदार वीडियो को शेयर करते हुए राघव ने कैप्शन में लिखा, उनका डायलॉग वायरल हो गया। हर कोई उत्साहित है और मुझे फोमो हो गया है। इस प्यारे इशारे पर परिणीति भी खुद को रोक नहीं पाईं और तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कमेंट में लिखा, सारे सेंसेशंस में से ये बेस्ट है, रागाई। उनके इस जवाब पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं और राघव की रील को बाकी सभी से सबसे बेहतर बता रहे हैं।

परिणीति और राघव की जोड़ी को पहले से ही लोग काफी पसंद करते हैं, और अब इस क्यूट रील के जरिए दोनों ने एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर दोनों की केमिस्ट्री और इस वायरल ट्रेंड में राघव का हिस्सा बनना फैंस को खूब भा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई नई फिल्म नहीं, बल्कि उनकी पुरानी फिल्म 'हंसी तो फंसी' का एक डायलॉग है, जो अचानक ट्रेंड में आ गया है।

# भाई अहान पांडे के बॉलीवुड डेब्यू पर अनन्या ने जताई खुशी, इस तरह किया वेलकम



यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है।

**अनन्या पांडे ने साझा की स्टोरी**

अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, 卐फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई।卐 इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है।

# किचन की दीवारों पर तेल और मसाले के निशान अब आसानी से करें साफ, आजमाएं ये आसान टिप्स



महिलाएं अपना ज्यादातर दिन किचन में बिताती हैं. खाना बनाते समय दीवारों पर तेल के दाग लगना आम बात है. खाना बनाने की अलग-अलग गतिविधियों की वजह से दीवारों पर तेल और गंदगी जम सकती है. ऐसे में तेल के ये दाग चाहे जितना भी रगड़ें, नहीं हटते हैं. वहीं, इन्हें साफ करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप इन आसान टिप्स को अपनाएं, तो ऐसे समय में दाग आसानी से साफ किए जा सकते हैं.

**जानिए क्या हैं ये टिप्स...**

सिरका: एक कटोरी में आधा कप सिरका और बर्तन धोने का लिक्विड लें. इसमें एक कप गर्म पानी डालें और इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालें. फिर इसे चिकने किचन काउंटर या गैस स्टोव पर स्प्रे करें, करीब दस मिनट तक रगड़ें और फिर पोंछकर साफ कर लें. ऐसा करने से दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और किचन की दीवार चमक उठती है.

रिठा का रस: बालों की सेहत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रीठा जूस किचन स्लैब पर लगे दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है. इसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है, जैसे एक कप रीठा जूस में एक कप बेकिंग सोडा और थोड़ा सा नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे गंदे तैलीय हिस्से पर लगाकर पांच मिनट के लिए छोड़ दें. फिर बाद में इसे कपड़े से रगड़कर धो लें. ऐसा करने से गंदगी और दाग-धब्बे हटाने में आसानी होगी. विशेषज्ञों का कहना है कि इससे मच्छर और कॉकरोच जैसे कीट भी दूर रह सकते हैं.

चाय पत्ती: एक कटोरी में दो चम्मच चाय पत्ती और एक लीटर पानी मिलाएं, फिर इसे चूल्हे पर तबतक गर्म करें, जबतक यह आधा ना हो जाए. फिर इस मिश्रण में एक चम्मच नींबू का रस और एक चौथाई कप बेकिंग सोडा मिलाएं और दाग वाले स्थान पर पर छिड़कें. अब 5 मिनट बाद इसे स्टील वूल पैड से रगड़ें और फिर धो लें। इससे दागों को हटाना आसान हो जाएगा

बेकिंग सोडा: दीवारों से तेल के दाग आसानी से हटाने के लिए बेकिंग सोडा सबसे कारगर है. इसके लिए एक चौथाई कप बेकिंग सोडा लें और उसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को तेल के दाग पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें. फिर, एक साफ कपड़े को पानी में डुबोकर उस जगह को पोंछ लें. विशेषज्ञों का कहना है कि सूखने के बाद तेल के दाग नहीं रहेंगे

नींबू का रस: रसोई के काउंटरटॉप और टाइलों से तेल के दाग हटाने में नींबू का रस बहुत कारगर होता है. इसके लिए एक छोटे कटोरे में थोड़ा सा डिशवॉशिंग लिक्विड और आधे नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें. फिर इस मिश्रण में एक स्क्रबर डुबोएं और रसोई के काउंटरटॉप और दीवारों को हल्के से रगड़ें. फिर इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें. डिशवॉशिंग लिक्विड और नींबू के रस का मिश्रण रसोई के सिंक और टाइलों की सफाई के लिए भी अच्छा काम करता है.

# लाल साड़ी में दिखीं निया, पैपराजी बोले- 'शादी कब कर रही हैं?' एक्ट्रेस के जवाब ने किया हैरान



इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' इस पर निया ने क्या कहा? जानिए।

**शादी को लेकर क्या बोलीं निया**

जब पैपराजी ने निया शर्मा से शादी को लेकर सवाल किया तो वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दुल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।'

**निया का बेबाब अंदाज है मशहूर**

शो 'लाफ्टर शेफ' में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं।

**पॉपुलर सीरियल का रहीं हिस्सा**

निया शर्मा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह %खतरों के खिलाड़ी जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# भैरुंदा सीएम राइज स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

## प्राकृतिक संरक्षण का बच्चों ने लिया संकल्प, पौधों पर लगाए गए क्यूआर कोड



सीहोर (निप्र)। भैरूंदा स्थित सीएम राइज स्कूल सहित जिले के सभी स्कूलों में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को समझाते हुए प्रेरक संदेश दिए। इस अवसर पर भैरूंदा सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने इस मौके पर कहा कि पृथ्वी हमारा प्राकृतिक घर है और इसे सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। प्रदूषण ने पृथ्वी की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

यदि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें, पॉलीथीन का उपयोग बंद करें और जहरीले कचरे को खुले में न फेंकें तो छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर संबंधित पौधे की प्रजाति, औषधीय गुण तथा उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए दस स्थानों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन रखे गए हैं एवं प्रतिदिन उनके भोजन के लिए अनाज बिखेरने की व्यवस्था भी की गई है।

इस पहल की जानकारी देते हुए ईको क्लब प्रभारी प्रीति चौहान ने बताया कि पृथ्वी दिवस पर बच्चों को पौधों के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से पौधों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। साथ ही, जीव-जंतुओं के संरक्षण को भी उतना ही आवश्यक समझते हुए पक्षियों के लिए दाने-पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लिया।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर नागरिकों को किया गया जल संरक्षण के प्रति जागरुक

सीहोर (निप्र)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद् द्वारा ग्राम वनखेड़ा टेकरी में जल संरक्षण के उद्देश्य से खंती का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार ग्राम अहमदपुर में कुओं की साफ सफाई, दीवार लेखन, जन चौपाल के माध्यम से लोगों को जल सरंक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इन सभी जल संरक्षण के कार्यों में सीहोर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित नवाकुंवर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, विद्यार्थी एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सहभागिता की।

## आज किया जाएगा भगवान श्री गणेश जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन

### हर संकट से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है संकटमोचन हनुमान अष्टक का पाठ-पंडित पवन व्यास



सीहोर (निप्र)। हनुमान जी को भगवान शिव का ही अवतार माना गया है। संकटमोचन हनुमान अष्टक का पाठ सभी संकटों से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। कहते हैं कि मंगलवार के दिन हनुमान अष्टक के विधिवत पाठ से शारीरिक कष्ट भी दूर होते हैं। हनुमान अष्टक का पाठ कैसे करना चाहिए इसके बारे में शास्त्रों में बताया गया है। हनुमान अष्टक पाठ के लिए कोई विशेष नियम नहीं है। इसका पाठ कभी भी, कहीं भी किया जा सकता है। इसी प्रकार मंगलवार को हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और राम चरित्र मानस आदि भी किया जाता है। उक्त विचार शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के नौंवे दिवस यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास ने कहे।

शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा। इस मौके पर हर रोज बड़ी संख्या में सुबह सात बजे से देर शाम तक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, रामचरित्र मानस, हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। उक्त दिव्य आयोजन समिति की ओर से यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास और पंडित कुणाल व्यास के सानिध्य में किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां



सीहोर (निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

### अजाक्स ने मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सीहोर (निप्र)। अजाक्स के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर आनन्द रजावत को बाबुलाल मालवीय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। जिसमें अजाक्स की प्रमुख मांगों में बेकलॉक पदों की पूर्ति शीघ्र की जाये। प्रमोशन में आरक्षण हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं मध्य प्रदेश के स्पेशल काउंसिल मनोज गोरकेला के अनुरूप नवीन पदोन्नति शीघ्र लागू की जाये एवं ठेका पद्धति/आउट सोर्सिंग पद्धति को तत्काल बंद किया जाये। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर दी जाये।

### वन विभाग द्वारा की जा रही है वन क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतों की सफाई



सीहोर (निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। डीएफओ मगनसिंह डाबर ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जिले के वन क्षेत्रों मे स्थित पानी की झिरियाओं की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन क्षेत्रों में पोखर, नालों, छोटी नदियों सहित अन्य जल स्त्रोतों की सफाई भी की जा रही है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

### अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 70 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षक की करतूत को लेकर बसपा पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन की निलंबन की मांग

सीहोर (निप्र)। अंबेडकर पार्क में बने स्कूल में पदस्थ शिक्षक विनोद उपाध्याय द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति के पास खुले में पेशाब कर बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया है एवं एक शिक्षक द्वारा स्कूल में शौचालय होने के बावजूद भी खुले में पेशाब कर बहुत ही निंदनीय कृत किया है यह पार्क बाबासाहेब अंबेडकर का पवित्र स्थान है और यहां पूरे शहर के लोगों की आस्था बाबासाहेब आंबेडकर में है इस आस्था के केंद्र में इस तरह का काम किया जना शिक्षक द्वारा बेहद निंदनीय हैं आपको ज्ञात है कि बाबा साहेब अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भोपाल लोकसभा के माननीय सांसद आलोक शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य जिम्मेदार साथियों के साथ उक्त पार्क में स्वयं आकर झाड़ू लगाकर सफाई की गई थी ।एक शिक्षक का यह कृत क्षमा योग नहीं है शिक्षक ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान एवं बाबासाहेब अंबेडकर के प्रति सरकार द्वारा दिखाए गए सम्मान के विरुद्ध यह कार्य किया है तथा शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर खड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी अनोखी लाल मालवीय नर्सिंग भारती कमल सिंह कोरवे आदि कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री तोमर को ज्ञापन सोपा और कार्रवाई की मांग की है।

### पिता के दिवड़ सर्प के काटने से मृत्यु उपरांत दो मासूम बच्चियों ने लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

सीहोर (निप्र)। 14 वर्षीय आदिवासी अंजली ग्राम घुटवानी, तह.भैरूंदा, जिला सीहोर निवासी ने जनसुनवाई में गुहार लगाई, उन्होने बताया कि उनके पिता कैलाश बारेला की को दिवड़ सर्प के काटने से इलाज के दौरान उनकी मृत्य दिनांक 03/06/2013 को हो गई थी, मृतक के पिता बुजुर्ग व अशिक्षित मजदूर हैं, पिता की मृत्यु के समय मुझ प्रार्थीनी की आयू 2 वर्ष एंव मेरी छोटी बहन माँ के पेट में ही थी, पिता की मृत्यु के 6 माह बाद उसका जन्म हुआ था, मेरी माँ हम दोनों मासूमों को बुजुर्ग दादाजी के पास छोडक़र किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई। तभी से आज तक हमारे दादाजी मजदूरी कर हमें जैसे-तैसे पढ़ा-लिखा रहे हैं, परन्तु अब दादा की उम्र लगभग 75 वर्ष हो गई है, जिसके कारण उनसे अब मजदूरी करने की भी नही बन पा रही है, बुजुर्ग दादाजी के अशिक्षित एंव बेसहारा होने के कारण पिताजी की मृत्यु के समय वह शासन/प्रशासन से आर्थिक सहायता नही ले सके ।दोनों बहने आगे भी पढ़ाई करना चाहती हैं, परन्तु वर्तमान में हम लोगों के समक्ष भुखे मरने की नौबत आ चुकी है। दादा जी भी बीमार रहते हैं, पैसे के अभाव में उनका ईलाज भी नही हो पा रहा है ।बच्चियों का आग्रह है कि मानवीय आधार पर हम दोनों नाबालिग, बैसाहारा को आर्थिक सहायता राशि प्रदान कराई जावे।

### सेवनिया परिहार को बनाया जाए राजस्व ग्राम आदिवासियों ने की कलेक्ट्रेट पहुंच कर मांग

सीहोर (निप्र) आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सेवनिया परिहार के सभी ग्रामीणों की कृषि भूमि बनाए जा रहे राजस्व ग्राम में सम्मिलित किए जाने की मांग प्रशासन से की है। आदिवासियों ने आरोप लगाया है कि राजस्व ग्राम सम्परिवर्तन कार्यवाही के तहत ग्राम के आधे लोगो के खेतो को छोड़ दिया गया है जिससे अनेक आदिवासियों के बच्चों का भविष्य अंधकार में जाने की संभावना बनी हुई है। आदिवासियों ने कहा कि सेवनिया परिहार एक गरीब बहुल्य ग्राम है। हमारे द्वारा वन की सुरक्षा भी ईमानदारी एवं लगन से की जा रही है। वनग्राम की भूमि पर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है। वनग्राम की सीमा का सीमाकंन कर वर्ष 2005-06 में पक्के मुनारे निर्मित किये गये है जो कि वह आज भी निर्मित है। निर्मित मुनारो के अंदर सभी वनग्राम की भूमि आती है। म.प्र. शासन एवं भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति और परम्परागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत वनग्राम सेवनिया परिहार को राजस्व ग्राम में सम्परिवर्तन किया जा रहा है।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

सीहोर (निप्र)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एंव पीड़ित प्रतिकर योजनाओं के सम्बंध में सह जागरूकता शिविर एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में आव्हान करते हुये कहा कि लोक अदालत विवादों के निराकरण का सर्वश्रेष्ठ तरीका है। हम सभी को इसे अपनाना चाहिए एव पक्षकारों को लाभांवित करना चाहिए। यदि इस विकल्प से किसी एक को भी लाभ होता है तो यही हमारी सफलता है। इस अवसर पर उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत मुख्यालय सीहोर के प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं राधेश्याम यादव, एम एस बलभद्र, बी.एस चंदेल, एच.पी चकधर राजेन्द्र कुशवाह, कु. सुमन सिकरवार एंव प्रशिक्षित मध्यस्थ सामाजिक कार्यकर्ता ओमदीप को एमसीपीसी उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र भी वितरित किये। इस अवसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 एवं नालसा प्रतिकर स्कीम 2018 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक पीड़ितों तक इस योजना के लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री वैभव मण्डलोई, विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री संजय गोयल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीशान खान सहित अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारीगण लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स आदि उपस्थित थे।

## जलसंकट को लेकर खाली बर्तन बजाकर ग्रामीण महिलाओं ने किया प्रदर्शन



सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के ग्राम कुलांस कलां, सिकंदरगंज एवं बिलकिसगंज में ग्रामीण जनता बूंद बूंद पानी के लिए दिनभर भीषण गर्मी में भयंकर जल संकट से जूझ रही है। दो-दो किलोमीटर दूर से ग्रामीण जनता है पानी लाने को मजबूर है। इस बात की शिकायत क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि पप्पू पटेल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव एवं पी एच ई मंत्री को विगत एक महा पूर्व आवेदन देकर मांग की गई थी कि ग्राम सिकंदरगंज बिलकिसगंज कुलांस कला में जल संकट को देखते हुए तीन नल कूप खनन कराया जाए। लेकिन आज दिनांक तक पीएचई विभाग सीहोर द्वारा जल संकट दूर करने हेतु कोई नल कूप खनन नहीं किया गया। जबकि इस संबंध में पी एच ई मंत्री भोपाल द्वारा एवं मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव पीएच विभाग द्वारा शीघ्र ही नलकूप खनन करने के निर्देश भी दिए जा चुके है। लेकिन विभाग के अधिकारी इन आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे है। मजबूर दुखी परेशान महिलाओं का गुस्सा फूट गया, उन्होंने भीषण गर्मी में दूर बसे श्मशान घाट वाले सूखे ट्यूबवेल पर पहुंचकर खाली बर्तन और पानी के कुप्पे बजाकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण जनता एवं महिलाओं ने मिलकर सरकार से जल संकट दूर करने गांव में नलकूप खनन करने की मांग की गई।

### खाद्यान्न के उठाव की समय सीमा निर्धारित

सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा पीएम पोषण योजना अन्तर्गत अप्रैल 2025 से खाद्यान्न उठाव की समय सीमा निर्धारित की गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह से खाद्यान्न उठाव की समय सीमा मात्र 01 माह रहेगी। उदाहरण स्वरूप अप्रैल माह का खाद्यान्न उठाव मई माह की 05 तारीख तक ही किया जा सकेगा इसके बाद अप्रैल माह का उठाव बंद कर दिया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक माह के खाद्यान्न का उठाव समय सीमा मे करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह यह प्रयास करें कि समूहों को अग्रिम खाद्यान्न दिया जा सके तथा इसके लिए संबंधित माह की 10 तारीख तक उस माह के खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न के अभाव में किसी भी स्तर पर मध्यान्ह भोजन प्रभावित होने की स्थिति में दायित्व निर्धारण किया जाए एवं लापरवाही की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

## पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो चड्डी बनियान में कलेक्ट्रेट पहुंचा पीड़ित पति

### कलेक्टर को लापता पत्नि और बेटे का फोटो दिखाकर लगाई मदद की गुहार



सीहोर (निप्र)। पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो एक शख्स ने अपने बच्चे के साथ कलेक्ट्रेट में चडड़ी बनियान पहनकर अनौखा प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने चडड़ी बनियन पहनकर आने पर इस पीड़ित ग्रामीण को जनसुनवाई से बाहर निकाल दिया। सुरक्षाकर्मियों ने पीड़ित शख्स से कपड़े पहनकर आने को कहा जिस के बाद पत्नि वियोग में पीड़ित पति ने कलेक्टर को लापता पत्नि और बेटे का फोटो दिखाकर मदद की गुहार लगाई। पीड़ित पति ने कहा की इछावर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन छोटे बेटे को लेकर गई पत्नि की खोज पुलिस दो साल में भी नही कर पाई है। कलेक्टर बालागुरू के, ने पत्नि को तलाश कर देने का आश्वासन देकर पति को रवाना किया ।

# रेसाई बांध डूब पीड़ितों को प्लाट तो दिए,पर नही दिया मुआवजा बिजली पानी साफ सफाई की कॉलोनी में नहीं की कोई व्यवस्था

### जनसुनवाई में पहुंचे पार्वती रेसाई बांध के सैकड़ों विस्थापित

सीहोर (निप्र)। पार्वती रेसाई बांध के सैकड़ों विस्थापित किसान मंगलवार को पहले विधायक कार्यालय पहुंचे और विधायक सुदेश राय को परेशानी से अवगत कराया। जिस के बाद कलेक्ट्रेट स्थित जनसनुवाई में पहुंचकर कलेक्टर बालागुरू से भी मिले। रेसाई बांध डूब पीड़ितों ने कहा कि बीते सात सालों से डूब में आए घरों की मुआवजा राशि के लिए भटक रहे है। कई बार कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय के चक्कर लगा चुके है लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। विधायक सुदेश राय के प्रयास के बाद प्रशासन ने पीड़ित किसानों को प्लाट तो उपलब्ध करा दिए है लेकिन अबतक कॉलोनी को विकसित नहीं किया गया है। पार्वती रेसाई बांध विस्थापितों के लिए बनाई गई कॉलोनी में बिजली पानी साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है ऐसे में इस कॉलोनी में रहना मुश्किलो से भरा हुआ है ।पार्वती रेसाई बांध में ग्राम रावतखेड़ा, चांदबड, दूरगांव सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों की कृषि भूमि घर डूब में आ रहे है। डेम में इस वर्ष की बारिश में पानी भी भरा जाएगा । योजना



शुरू होकर पूर्ण हो चुकी है पर पीड़ितों को मुआवजा राशि अबतक नहीं मिली है और प्रभावित गांवों में पार्वती डेम के कारण कोई भी नवीन विकास कार्य नही हो रहे है। विस्थापित हुए ग्रामीणों के मकान पूरी तरह से टूट चुके है वर्षाकाल में रहने के लिए ग्रामीणों के पास कोई स्थान नही है। इस मामले में ग्राम पंचायत भी कोई कार्यवाही नही कर रही है।

इस मामले में विधायक सुदेश राय ने कहा कि ग्रामवासियों की परेशानियों से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है आगामी पंद्रह दिनों के अंदर रावतखेड़ा, चांदबड, दूरगांव के ग्रामीणों को उनकी मुआवजा राशि बैंक एकाउंट में डलवा दी जाएगी। उन्होने कहा की विस्थापितों के लिए बनाई गई कॉलोनी को भी विकसित कराने के लिए योजना तैयार की जा रही है किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी ।रेसाई बांध डूब पीड़ित लालू बना सोलंकी,राजेंद्र सिंह सोलंकी, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, कमल सिंह सोलंकी, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, चतरभान सिंह सोलंकी, कृष्णपाल सिंह सोलंकी, राजपाल सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह सोलंकी, गोलू बना सोलंकी, भंवरलाल सोलंकी, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, कमल सिंह सोलंकी, राजू बन्ना सोलंकी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, संतोष, मुकेश आदि विस्थावित ग्रामीणजनों मुआवजा राशि देने और कॉलोनी में बिजली पानी साफ सफाई की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com